# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

कक्षा– पाचँवी **Foundation Worksheet** विषय – हिंदी

उपविषयः अपठित गद्यांश, अनुच्छेद लेखन, संज्ञा भेदों सहित, लिंग

प्र०1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

भारतवर्ष अत्यंत प्राचीन देश है। इसे 'सोने की चिड़िया' कहकर पुकारा जाता था। राजा दुष्यंत के परम पराक्रमी पुत्र, 'भरत' के नाम पर इस देश का नाम 'भारत' पड़ा। इस धरती पर राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरुनानक आदि महापुरुषों ने अवतार लिया। यह धरती लक्ष्मीबाई, राणा प्रताप, शिवाजी, पृथ्वीराज चौहान जैसे वीरों की जन्मभूमि है। यहाँ महात्मा गाँधी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, पं० जवाहर लाल नेहरु, लाल बहादुर शास्त्री, तिलक, चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह जैसे देश भक्तों ने जन्म लिया और भारत माँ को गुलामी की बेड़ियों से आज़ाद करवाया। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भारत ने प्रगति व विकास की ओर अपने कदम बढ़ाए तथा अपना वही सम्मान व पहचान जो प्राचीन समय में था, पुनः पाने का भरपूर प्रयास किया। इस समय भारत बेरोज़गारी आदि समस्याओं से जूझ रहा है। हमारा कर्त्तव्य है कि निजी स्वार्थों को त्यागकर, एकजुट होकर देश की प्रगति के लिए प्रयास करें और भारत को फिर में सर्वोच्च शिखर पर लाकर खड़ा कर दें। देश की प्रगति में ही हमारी प्रगति है।

क निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

1. भारत माँ को गुलामी की बेड़ियों से किसने आज़ाद करवाया?

2. हमारा क्या कर्त्तव्य है?

ख निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए–

1. प्राचीन – नवीन, पुराना

2. स्वतंत्रता – आज़ादी, गुलामी

ग सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए–

1. भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। (     )

2. देश की प्रगति में हमारी प्रगति नहीं है। (     )

घ निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:—

1. किसके नाम पर इस देश का नाम 'भारत' पड़ा?

अ दुष्यंत (   )    ब भरत (   )

2. इस समय भारत कौन—सी समस्या से जूझ रहा है?

अ बेरोज़गारी (   )    ब गुलामी (     )

प्र०2 'स्वच्छता अपनाएँ देश को खुशहाल बनाएँ' विषय पर सहायक सूची के माध्यम से एक अनुच्छेद लिखें—

(शब्द सीमा — 80—90)

सहायक सूची :— स्वच्छता ज़रूरी, प्रत्येक व्यक्ति, ज़िम्मेदारी, आस—पास सफ़ाई, विद्‌यालय, घर, पार्क, कूड़ेदान, प्रयोग, स्वयं, सफाई, स्वस्थ देश, स्वस्थ समाज, भारत सरकार, स्वच्छ भारत अभियान, बढ़—चढ़ कर हिस्सा, सफल बनाना।

## व्याकरण भाग

प्र०3 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।

क <u>ताजमहल</u> एक सुंदर <u>इमारत</u> है।

ख <u>रोहन</u> हर कार्य <u>शांति</u> से करता है।

ग <u>गंगा</u> एक पवित्र <u>नदी</u> है।

घ पार्थ गरीबों पर <u>दया</u> करता है।

ड. <u>अंकिता</u> एक होशियार <u>बालिका</u> है।

च <u>लड़के</u> फुटबॉल खेल रहे हैं।

प्र०4 कोष्ठक में लिखे शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाकर रिक्त स्थान भरिए–

क हमें.....................नहीं करना चाहिए। (आलसी)

ख सुमन की.................बहुत सुंदर है। (लिखना)

ग बगीचे में................. छाई है। (हरा)

घ फलों में बहुत..................है। (मीठा)

ड. सैनिक युद्ध में...................से लड़े। (वीर)

च रूद्र.............के मार्ग पर चलता है। (सच्चा)

प्र०5 सही विकल्प चुनकर लिखिए–

क <u>भारत</u> एक विशाल देश है। (जातिवाचक/व्यक्तिवाचक)

ख <u>पक्षी</u> आकाश में उड़ रहे हैं। (जातिवाचक/व्यक्तिवाचक)

ग सचिन <u>ईमानदारी</u> से कार्य करता है। (जातिवाचक/भाववाचक)

प्र०6 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिएः–

क <u>माली</u> ने फूलों का सुंदर हार बनाया।

ख मैंने मेले से <u>गुड्डा</u> लाया।

ग <u>पंडित</u> जी ने मुझे प्रसाद दिया।

घ पिता जी ने <u>हलवाई</u> से मिठाई ली।

ड. <u>लेखक</u> ने सुंदर लेख लिखा।

प्र०7 कोष्ठक में दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर रिक्त स्थान भरें:–

क .......................सामान उठा रही है। (मज़दूर)

ख ......................जी ने मुझे उपहार दिया। (सेठानी)

ग .........................ने सुंदर गीत सुनाया। (बालक)

घ जया का....................कक्षा में प्रथम आया। (बेटी)

ङ. .....................ने घर की सफ़ाई की। (नौकर)

च .....................ने सुंदर कविता लिखी। (कवि)

प्र०8 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | भाई | ङ. | वर |
| ख | सम्राट | च | श्रीमान |
| ग | बैल | छ | बुद्धिमान |
| घ | विद्वान | ज | गुणवान |